>

Title : Need to make functional the glass factory in Chitrakoot district, Banda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा): पूरे देश में जहां बेरोजगारों को काम देने की योजनायें बनायी जा रही है, नये उद्यम स्थापित किये जा रहे हैं वही मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा उत्तर प्रदेश के जनपद चित्रकुट के बरगढ़ क्षेत्र में ग्लास फैक्ट्री की आधारशिला रखी गई थी उसमें करोड़ो रूपया खर्च करके फैक्ट्री का निर्माण कार्य कराया गया था। यह ग्लास फैक्ट्री एशिया की सबसे बड़ी ग्लास फैक्ट्री होती। इसका निर्माण यहां पर इसलिए कराया जा रहा था क्योंकि इसके ठीक बगल में शंकरगढ़ में सिलिका सैण्ड की खान थी। यह अर्धनिर्मित अवस्था में बन्द पड़ी है। इस फैक्ट्री के पुनः चालू होने से क्षेत्र की बेरोजगारी दूर होगी साथ ही सरकार को पर्याप्त मात्रा में राजस्व प्राप्त होगा।

मैं मांग करता हूँ कि इस फैक्ट्री को तत्काल चालू कराया जाए।